# मध्यप्रदेश समसामयिकी

**01 August 2024**

## नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने की मंगल ग्रह पर सल्फर की खोज की

नासा के कैलिफ़ोर्निया के पासाडेना में जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला के क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल ग्रह पर शुद्ध सल्फर की खोज की, जो लाल ग्रह पर पहले कभी नहीं देखे गए हैं।



### प्रमुख बिंदु

- वैज्ञानिकों का कहना है कि रोवर ने माउंट शार्प पर गेडेस वैलिस चैनल की जांच के दौरान चट्टानों के ढेर पर से गुजरते हुए एक चट्टान को उजागर करने के बाद यह अभूतपूर्व खोज की।
- यह चैनल, जो 3 अरब साल पहले बहते पानी और मलबे के संयोजन से बना प्रतीत होता है, रोवर के मिशन का केंद्र बिंदु रहा है।
- 5 अगस्त, 2012 को उतरने के बाद से, क्यूरियोसिटी गेल क्रेटर के भीतर एक केंद्रीय शिखर माउंट शार्प की परतों की खोज कर रहा है।
- सल्फर जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है, कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन और फॉस्फोरस के साथ छह निर्माण खंडों में से एक है। इस खोज को और भी महत्वपूर्ण बनाने वाली बात यह है कि ये तत्व मिलकर पृथ्वी पर 98% जीवित पदार्थ बनाते हैं।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इस्फ़हान में आयोजित '54वें अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2024' में पांच पदक जीते

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ईरान के इस्फ़हान में 21 जुलाई से 29 जुलाई तक आयोजित 54वें अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2024 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सभी पांच भारतीय प्रतिभागियों ने पदक जीते, जिनमें 2 स्वर्ण और 3 रजत पदक शामिल हैं।



### प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ के रिदम केडिया और मध्य प्रदेश के वेद लाहोटी ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि महाराष्ट्र के आकर्ष राज सहाय, उत्तर प्रदेश की भाव्या तिवारी और राजस्थान के जयवीर सिंह को रजत पदक से सम्मानित किया गया।
- प्रतियोगिता में 43 देशों के कुल 193 छात्रों ने भाग लिया।
- चीन शीर्ष पर है, उसके बाद रूस और रोमानिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड के बारे में -**

- अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड (आईपीएचओ) हाई स्कूल के छात्रों के लिए विश्व चैम्पियनशिप भौतिकी प्रतियोगिता है और हर साल एक अलग देश में आयोजित की जाती है।
- पहला आईपीएचओ 1967 में पोलैंड में आयोजित किया` गया था। यह धीरे-धीरे 5 महाद्वीपों के 80 से अधिक देशों में फैल गया है।
- प्रतियोगिता हर साल होती है और प्रत्येक मेजबान देश आईपीएचओ के नियमों और परंपराओं का पालन करता है।

## 'यूनेस्को' ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व विरासत सूची में सात नए ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया




### प्रमुख बिंदु

- यूनेस्को ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज 46वें विश्व विरासत समिति सत्र में विश्व विरासत सूची में सात नए ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया।
- जापान का सादो द्वीप सोने की खदानें
- चीन का पेइचिंग सेंट्रल एक्सिस
- थाईलैंड का फु फ्राबाट ऐतिहासिक पार्क
- रूस का केनोजेरो झील लैंडस्केप
- केन्या का ऐतिहासिक शहर और गेडी का पुरातत्व स्थल
- दक्षिण अफ्रीका का मानवाधिकार, मुक्ति और सुलह के लिए नेल्सन मंडेला विरासत स्थल
- मलेशिया का निया राष्ट्रीय उद्यान गुफा परिसर का समिति ने चयन किया है।

इन सभी स्थलों को सांस्कृतिक श्रेणी में चुना गया है।

**यूनेस्को के बारे में -**

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जिसका उद्देश्य शिक्षा, कला, विज्ञान और संस्कृति में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विश्व शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है।
- **स्थापना:** 16 नवंबर 1945, लंदन, यूनाइटेड किंगडम
- **मुख्यालय:** पेरिस, फ्रांस
- **संस्थापक:** भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, ब्राजील, चीन, तुर्की, और अधिक
- **उप महानिदेशक:** जिंग क्यो
- **मूल संगठन:** संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद

## RBI द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक रीयल-टाइम भुगतान में भारत की हिस्सेदारी 48.5% प्रतिशत हो गई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक रीयल-टाइम भुगतान मात्रा में भारत की हिस्सेदारी 48.5 प्रतिशत है। 2023 में भारत को 115.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए।




**प्रमुख बिंदु**

- डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दसवां हिस्सा बनाती है और पिछले दशक में देखी गई वृद्धि दरों के आधार पर 2026 तक सकल घरेलू उत्पाद का पाँचवाँ हिस्सा बनने की उम्मीद है।
- आरबीआई के अनुसार, पिछले सात वर्षों में डिजिटल भुगतान ने मात्रा के लिहाज से 50 प्रतिशत और मूल्य के लिहाज से 10 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्ज की है, जिसमें 2023-24 में 428 लाख करोड़ रुपये के 164 बिलियन लेनदेन शामिल हैं।

**भारतीय रिज़र्व बैंक के बारे में -**

- भारतीय मुद्रा और वित्त पर शाही आयोग ने भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना के लिए **1926** में **हिल्टन यंग कमीशन** की स्थापना की।
- आरबीआई अधिनियम, 1934 पारित किया गया।
- भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना **1 अप्रैल 1935** को हुई थी।
- स्थापना के समय आरबीआई का मुख्यालय **कलकत्ता** में था **1937** में मुख्यालय **बोम्बे** स्थानांतरित कर दिया गया।
- आरबीआई के पहले गवर्नर **ओस्बोर्न स्मिथ** थे।
- आरबीआई के **पहले भारतीय गवर्नर सी.ड़ी देशमुख** थे, यह वित्त मंत्री भी रहे थे।
- आरबीआई के सर्वाधिक अवधि तक रहने वाले गवर्नर **बी रामा राव** थे।
- आरबीआई आजादी के पश्चात **भारत, पाकिस्तान एवं म्यांमार** के केन्द्रित बैंक का कार्य करता है।
- **आरबीआई** का **1949 में राष्ट्रीयकरण** कर दिया गया।
- वर्तमान गवर्नर - **शक्तिकांत दास**

## सेकंड हॉकी इंडिया जूनियर वेस्ट जोन नेशनल चैंपियनशिप 2024

प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने हॉकी खेल का शानदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब अपने नाम किया।



### प्रमुख बिंदु

- सेकंड हॉकी इंडिया जूनियर वेस्ट जोन नेशनल चैंपियनशिप 2024 दिनांक 21 से 28 जुलाई तक का आयोजन राजनंदगांव (छत्तीसगढ) में किया गया।
- मध्यप्रदेश हॉकी टीम की इस जीत पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।
- 21 जुलाई को मध्यप्रदेश वनाम गोवा में 14-01 से मध्यप्रदेश विजय रहा। इसी प्रकार 22 जुलाई को मध्यप्रदेश वनाम गुजरात में 15-00 से मध्यप्रदेश जीता।
- 24 जुलाई को महाराष्ट्र वनाम मध्यप्रदेश में 04-07 से मध्यप्रदेश ने जीत हासिल की। लगातार जीत हासिल कर 25 जुलाई को आयोजित राजस्थान वनाम मध्यप्रदेश की प्रतिस्पर्धा में 01-04 से मध्यप्रदेश आगे रहा।
- मध्यप्रदेश अग्रसर रहते हुए 27 जुलाई को मध्यप्रदेश वनाम छत्तीसगढ के मैच में भी 05-02 से मध्यप्रदेश ने जीत दर्ज की।
- प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम ने मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये विरोधी टीम को काफी लम्बे अंतराल से परास्त कर प्रतियोगिता में अपनी पकड़ मजबूत की।
- मध्यप्रदेश के जूनियर हॉकी खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल के बल पर सेकंड हॉकी इंडिया जूनियर वेस्ट जोन नेशनल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम करते हुये प्रदेश को गौरवान्वित किया।
- मध्यप्रदेश की विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ियों में विश्वेश सिंह, सोहिल अली, हर्ष फलस्वाल, रितेनद्र प्रताप, आनंद यादव, विवेक पाल, अल्माज खान, अनस खान, जतिन वर्मा, देनिक सिंह, सुभान आविद और तौहीद अहमद हैं।

### लघु समाचार

- 1. हर वर्ष 30 जुलाई को दुनियाभर में **'अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस' (International Friendship Day)** मनाया जाता है।
- 2. **'निकोलस मादुरो'** (Nicolás Maduro) ने दोबारा **वेनेजुएला** के राष्ट्रपति का चुनाव जीता है।
- 3. केंद्र सरकार ने देशभर में 21 नए **'ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों'** की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है।
- 4. भारतीय मानक ब्यूरो ने भारत में अपनी तरह का **पहला मानकीकृत कृषि प्रदर्शन फार्म** विकसित करने के लिए 'गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय' के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- 5. वर्ष 2025 में भारत **'पुरुष एशिया कप'** का आयोजन करेगा।
- 6. विश्व शिक्षा सम्मेलन 2024 में 29 जुलाई को आधिकारिक तौर पर **'टेक लीडर्स फोरम ऑफ इंडिया'** का शुभारंभ किया गया है।
- 7. **'श्रीलंका'** ने **महिला एशिया कप 2024** का खिताब अपने नाम किया है।
- 8. दिल्ली मेट्रो रेल निगम (DMRC) को उसकी पर्यावरणीय पहलों के लिए **'ग्लोबल वॉटर टेक अवार्ड 2024'** से सम्मानित किया गया है।
- 9. शिक्षा मंत्रालय ने 29 जुलाई को नई दिल्ली के **'मानेकशॉ सेंटर ऑडिटोरियम'** में अखिल भारतीय शिक्षा समागम, 2024 के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के कार्यान्वयन की चौथी वर्षगांठ मनाई।
- 10. 'सर्वोच्च न्यायालय' **29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत सप्ताह** का आयोजन कर रहा है।
- 11. दक्षिण पूर्वी एशिया के **'लाओस'** देश ने भगवान राम और भगवान बुद्ध का चित्र लगाकर डाक टिकट जारी किया है।

- 12. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को प्रतिष्ठित **'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'** से सम्मानित किया गया है।
- 13. IIT खड़गपुर ने गूगल के सीईओ **'सुंदर पिचाई' को मानद डॉक्टरेट की डिग्री** से सम्मानित किया है।

**दैनिक करेंट अफेयर्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न**

**1. 'यूनेस्को' ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व विरासत सूची में कितने नए ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया है?**

(a) सात
(b) आठ
(c) पांच
(d) चार

**उत्तर- (a)**

**2. नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने की मंगल ग्रह पर किसकी खोज की हैं ?**

(a) सल्फर
(b) नाइट्रोजन
(c) जीवाश्म
(d) उपर्युक्त में से कोई नही

**उत्तर- (a)**

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

❍❍❍❍